पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त कुमार जैना): (क) और (ख) देश के विभिन्न स्थानों में आने वाले पर्यटकों के प्रति वर्ष के आधार पर आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। तथापि, 1988-89 के दौरान संचालित विदेशी पर्यटकों के सर्वेक्षण के अनुसार देश में 10 शीर्ष स्थान, जहां अधिकतम विदेशी पर्यटक आये, निम्नलिखित हैं:—

1. बम्बई
2. दिल्ली
3. मद्रास
4. आगरा
5. जयपुर
6. गोवा
7. कलकत्ता
8. बंगलौर
9. त्रिवेन्द्रम-क्रोवलम
10. उदयपुर

स्वदेशी पर्यटकों के संबंध में इस प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ग) पर्यटकों स्थलों का विकास करना एक सतत प्रक्रिया है और इसे राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करके और निजी क्षेत्र को आवश्यक समर्थन सुविधाएं और प्रोत्साहन प्रदान करके प्राप्त किया जाता है।

एयर-इण्डिया के विमानों की संख्या को दुगुना करने का प्रस्ताव

*271. **श्री गुफरान आजमः**
प्रो॰ नौनिहाल सिंहः

क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एयर-इंडिया आगामी कुछ वर्षों के दौरान अपने विमानों की संख्या को दुगुना करने और इंडियन एयरलाइंस के साथ इसका विलय का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विदेशों से विमान खरीदने का विचार भी रखती है और यदि हां, तो कुल कितनी राशि खर्च किये जाने की सम्भावना है;

(घ) इस समय एयर-इंडिया के पास कितने विमान हैं तथा यह कितने तथा किस प्रकार के और विमान खरीदने का विचार रखती है, और

(ङ) एयर-इंडिया का घाटा किस हद तक पूरा होने की सम्भावना है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहिम): (क) और (ख) नौवीं योजना अवधि में अपने विमानबेड़े का नवीकरण और विस्तार जारी रखने की एअर इंडिया की योजना है। फिलहाल, एअर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स के विलय का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) और (घ) फिलहाल एअर इंडिया के विमानबेड़े में 26 विमान हैं। एअर इंडिया ने जनवरी, 1995 में बोइंग एयरप्लेन कम्पनी के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत 1137.70 करोड़ रुपये की लागत पर दो बी-737—400 विमान प्राप्त किए जाएंगे जिनकी सुपुर्दगी अक्तूबर/नवम्बर, 1996 में की जानी है।

(ङ) अपने वित्तीय निष्पादन में सुधार करने हेतु एअर इंडिया अपने मर्केटिंग प्रयासों को तेज करने, क्षमता बढ़ाने, गैर-प्रचालन लागत कम करने तथा अपने उत्पाद, छवि और समयबद्ध कार्यनिष्पादन को सुधारने के लिए कदम उठा रहा है।

Operations of new Airlines as Alliance Air

*272. DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR:
SHRI V. RAJESHWAR RAO:

Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether the new Airlines known as Alliance Air has started its operations in the country;

(b) what is the legal, organisational and financial structure of this company;

(c) whether the appointments of staff has been made on contract basis; and

(d) what was the reasons for starting this venture?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) Yes, Sir.

(b) Alliance Air is the airline operated by the Airline Allied Services Limited (AASL), a wholly owned subsidiary of Indian Airlines. The Company has a Paid-up Capital of Rs. 2.25 crores. The

Board of AASL comprises Chairman and 6 other Members including Managing Director of the Airline.

(c) The staff has been appointed on deputation as well as on contract basis.

(d) Airline Allied Services Limited has been reactivated with a view to achieve increased utilisation of Boeing aircraft.

Office bearers of the Union of Clerical Staff in State Bank of Indore

*273. SHRI GOVINDRAM MIRI:
SHRI ISH DUTT YADAV:

Will the Minister of FINANCE be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 1098 given in the Rajya Sabha on the 21st March, 1995, and state:

(a) whether the administration of the State Bank of Indore at the level of Head Office, Regional Office is aware about the office bearers of the Union of Clerical Staff;

(b) if so, the reasons for which the status of employees of the Bank was not verified before replying to the above-mentioned question in Parliament;

(c) whether Government are aware that some senior officers of the Bank are shielding the employees who are union leaders and have misused house building advance; and

(d) if so, the details of the action taken so far against the clerical staff and officers responsible for shielding them?

THE MINISTER OF FINANCE AND THE MINISTER OF COMPANY AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) Yes, Sir.

(b) Unstarred Question No. 1098 answered on 21.2.1995 was regarding Income Tax Returns submitted by the employees of State Bank of Indore. The reply was therefore based on the information available in the Income Tax Returns. Information about the union membership, etc. is not available in these returns.

(c) and (d) State Bank of Indore has reported that action is taken by them against all employees who have misused house building advances. The bank has further reported that in September 1995, all cases of house building advances were got verified by the bank by its internal auditors. In all, 14 cases of misuse of advance were noticed. The bank has further reported that in one case, an enquiry was ordered after the employee's reply to the charge-sheet was not found satisfactory, bu the employee moved the matter with the Assistant Labour Commissioner. In three cases, a final decision has been taken by the bank. In two cases, employees have accepted the charges and a decision would be taken shortly. In six cases, charge-sheets have been issued, while in two cases explanations have been called for.

इलाहाबाद में दूरदर्शन केन्द्र के संबंध में हुई प्रगति

*274. **श्री सोमपाल:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 7 जुलाई, 1990 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इलाहाबाद में दूरदर्शन केन्द्र के स्थापनार्थ कारपेन्ट्री स्कूल, नया कटरा में एक भवन की आधारशिला रखी थी;

(ख) यदि हां, तो उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) इस परियोजना पर कुल कितना व्यय होने का अनुमान है और इसके कब तक पूरा होने की सम्भावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री इब्राहिम): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) इलाहाबाद में टेलीविजन स्टूडियो केन्द्र की स्थापना हेतु स्कीम वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन है। भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है और प्रमुख उपस्कर प्राप्त कर लिए गए हैं। परियोजना की अनुमानित पूंजीगत लागत 977.79 लाख रुपए है और इस परियोजना के वर्ष 1997 के दौरान पूरा होने की संभावना है।